

नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 23 जून 2026



## एक नजर में

### नवागत सीएमओ ऋतु पुरोहित ने संभाला कार्यभार



मक्सी, 22 जून. मक्सी नगर परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर ऋतु पुरोहित ने गत दिवस पदभार ग्रहण किया. उनकी पदस्थापन के बाद नगर परिषद के प्रशासनिक कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. जानकारी के अनुसार सुश्री ऋतु पुरोहित इससे पूर्व जिला दमोह की नगर परिषद पथरिया में सीएमओ के पद पर कार्यरत थीं. प्रशासनिक अनुभव रखने वाली पुरोहित अब मक्सी नगर परिषद के विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगी. पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ प्रारंभिक चर्चा कर नगर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली. नगरवासियों को उम्मीद है कि उनके कार्यकाल में नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों में गति आएगी.

### रिवर्स लेते समय खुले गड्ढे में पलटा ई-रिक्शा



शाजापुर, 22 जून. नगर पालिका द्वारा दो माह पहले खोदा गया गड्ढा अभी तक खुला पड़ा है, जिसमें आज भी हादसे हो रहे हैं. सोमवार दोपहर को भी रिवर्स लेने के चक्कर में एक ई-रिक्शा गड्ढे में जा गिरा. गनीमत रही कि चालक को ज्यादा चोंट नहीं आई, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर लापरवाही की पोल खोल दी. दरअसल, नगर पालिका ने यहां एक बड़ा गड्ढा खोदा था, जिसे पिछले दो महीने से ऐसे ही लावारिस छोड़ दिया गया था. जहां पानी की पाइपलाइन फूट गई थी. उस समय नपा कर्मियों ने लाईन तो सुधार दी, लेकिन गड्ढे को उसी हालत में छोड़ गए. तब से यहां कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं. गनीमत है कि अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन यदि समय रहते इस गड्ढे की मरम्मत नहीं की गई, तो कोई बड़ी बात नहीं कि कोई गंभीर हादसे का शिकार हो जाए.

**गड्ढे में धंस गया पिछला हिस्सा**

ई-रिक्शा चालक भगवान सिंह कुंडल जो अपने वाहन से खाद्य सामग्री सप्लाई करते हैं. वह होंडा शोरूम के पास अपनी गाड़ी रिवर्स ले रहा था. इसी दौरान उनका ध्यान नहीं गया और ई-रिक्शा का पिछला हिस्सा सीधे गड्ढे में धंस गया और रिक्शा पलटते-पलटते बचा. यह पूरी घटना पास में ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई है. ई-रिक्शा को गड्ढे में गिरता देख आस पास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े. स्थानीय लोगों ने काफी मेहनत की और दो बल्लियों का जुगाड़ कर जैसे-तैसे ई-रिक्शा को खींचकर गड्ढे से बाहर निकाला.

### पौधारोपण के बाद की बैठक आयोजित



आगर-मालवा, 22 जून. भारतीय मजदूर संघ आगर मालवा द्वारा गो सम्मान आह्वान अभियान का पूर्ण समर्थन कर भारतीय मजदूर संघ राज्य कर्मचारी संघ द्वारा बड़ा गणेश मंदिर आगर छावनी पर अपने पारंपरागत पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर बैठक आयोजित की. बैठक में संत महापुरुषों के द्वारा चलाए जा रहे गो सम्मान आह्वान अभियान जिसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री से आग्रह है कि संपूर्ण भारत से गौ हत्या बंद हो. उसके लिए गोपालन मंत्रालय केंद्रीय कानून बने और गौ माता को राष्ट्र माता के पद पर विराजमान करें. इसलिए संपूर्ण भारत में चलाया जा रहे हस्ताक्षर अभियान में आगर जिले से 5 हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र महामहिम को 27 जुलाई के दिन प्रात: 8 बजे पुरानी कृषि उपज मंडी आगर सवा घंटे का विजय मंत्र का जाप श्री राम जय राम जय जय राम श्री राम जय राम जय जय राम कर 10 बजे गो सम्मान यात्रा संकिर्तन करते हुए प्रमुख मार्ग से होते हुए जिला मुख्यालय पर जाकर कलेक्टर को प्रार्थना पत्र दिया जाएगा. इसी प्रकार संपूर्ण भारत के 790 जिलों से 15 करोड़ हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र सौपें जाएंगे.

### शिविर में 132 मरीजों की जांच



शुजालपुर, 22 जून. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा पूर्व विधायक स्वर्गीय शैल कुमार शर्मा की स्मृति में उनके सुपुत्र संजय शर्मा एवं परिवार के सहयोग से सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया. शिविर में 132 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 57 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया. सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि चिकित्सालय ने स्थापना के 40 वर्षों में 3 लाख 77 हजार से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कर सेवा का नया कीर्तिमान स्थापित किया है. उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट रोड स्थित गांधीनगर, भोपाल में चिकित्सालय का नया अस्पताल शुरू हो गया है, जहां निशुल्क एवं निजी दोनों प्रकार की ऑपरेशन सुविधाएं उपलब्ध हैं. शिविर में डॉक्टर जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने मरीजों की आंखों, शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की. ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को बस द्वारा गांधीनगर स्थित नए अस्पताल भेजा गया, जहां उनके भोजन, आवास, दवाइयों एवं चश्मे की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी. शिविर के दौरान मरीजों को भोजन पैकेट एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई. आयोजन को सफल बनाने में हरिनारायण परमार, रमेश परमार, राजेंद्र कात्यानी, अनिल वर्मा, शशांक जैन एवं जिगर सुनेरिया सहित अन्य की भूमिका रही.

चामुंडा माता मंदिर में नपा के भ्रष्टाचार का विकास : भाग - 3

# सांसद निधि का शौचालय खा गए ठेकेदार-इंजीनियर

## चामुंडा माता मंदिर के पास होना था निर्माण



**शाजापुर। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शाजापुर आए थे, उस समय तत्कालीन कांग्रेस की परिषद ने चामुंडा माता टेकरी पर शौचालय निर्माण के लिए पैसे की मांग की थी, जिस पर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख की राशि 29 जनवरी 2018 को देने की घोषणा की, जिसकी तकनीकी स्वीकृति 5 मार्च 2018 को शाजापुर नगरपालिका को प्राप्त हुई. 3 लाख 55 हजार का इस्टीमेट बनाया गया. ये टेंडर भी जायसवाल कंस्ट्रक्शन को मिला. जायसवाल कंस्ट्रक्शन ने 9.97 एबो एसओआर से निविदा प्राप्त की. जून 2018 को शौचालय निर्माण की विज्ञप्ति जारी की गई. लेकिन मौके पर कोई शौचालय का निर्माण नहीं किया गया. शौचालय की राशि से हॉल का निर्माण करा दिया गया.**

गौरतलब है कि सांसद निधि से शौचालय के लिए मिली राशि से शौचालय तो नहीं बना, लेकिन उस राशि से एक हॉल बनाया गया, जबकि वह हॉल पहले से ही बना हुआ था. कई दानदाताओं ने इसमें अपना योगदान दिया. और इस प्रकार शौचालय के नाम पर एक और फर्जी भुगतान कर ठेकेदार को सीधा फायदा पहुंचाया गया.

### शौचालय गायब, बना दिया हॉल...

सांसद विवेक तन्खा ने दो लाख की राशि शौचालय निर्माण के लिए परशुराम मंदिर चामुंडा टेकरी के समीप 7 दिसंबर 2017 को जारी की. लेकिन शौचालय की जगह ठेकेदारों ने दान से बने हॉल में ही कुछ पैसे लगाकर उसका निर्माण होना बता दिया. जबकि 2012 को नवीन हॉल निर्माण के लिए टीएस जारी की गई थी. और 2018 में शौचालय निर्माण जीर्णोद्धार के लिए एक और टीएस जारी की गई थी. शौचालय निर्माण के लिए तत्कालीन परिषद द्वारा पीआईसी ने संकल्प क्रमांक 635 29 जनवरी 2018 को शौचालय निर्माण की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई, लेकिन आज भी मौके पर कोई शौचालय नहीं है.

### दानदाताओं ने हॉल में पत्थर लगवाए...

चामुंडा टेकरी में नगरपालिका द्वारा जो भी निर्माण कराए गए हैं, उसकी यदि बारीकी से जांच की जाए, तो सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हो सकता है. क्योंकि यहां पर कई दानदाताओं ने पैसे देकर काम कराया, जिसे ठेकेदारों ने अपना काम बताकर नगर पालिका से भुगतान करा लिया. यहां तक कि जो 4 लाख की लाइट लगी है, उसमें से आधे खंभे मौके से ही गायब हैं. इस मामले में मंदिर से जुड़ कई लोगों ने नवभारत को बताया कि जो हॉल नगरपालिका द्वारा बनवाया गया है, उसका फर्श और उसमें टाइल्स लोगों से सहयोग से लगाई गई है.

***इनका कहना है***

*सांसद निधि से शौचालय के लिए राशि प्राप्त हुई थी. देखते हैं शौचालय बना था या नहीं.*

*- भूपेंद्र कुमार दीक्षित, सीएमओ-शाजापुर*

### करों की वसूली में तेजी लाएं

शाजापुर। कलेक्टर ऋजु बाफना ने जिपं सीईओ, जपं के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम के लक्ष्यों की पूर्ति करने, जलकर, संपत्ति कर सहित अन्य करों की वसूली में तेजी लाने, वर्षा के पूर्व नदी-नालियों की साफ-सफाई कराने, जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए. सीएमओ को निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान करें. साथ ही उन्होंने पीएम आवास योजना 2.0 अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति कराने तथा जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हांकन कर डिस्मेंटल कराने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश दिए की जर्जर भवन में किसी प्रकार की गतिविधियां या कार्य संचालित नहीं हो, इस संबंध में बीईओ, बीआरसी, सीडीपीओ से प्रमाणीकरण लेने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों को जल्द पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए. श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन के लिए जनपद पंचायत वार 3 दिवसीय शिविर आयोजित कर लक्ष्यों की पूर्ति कराने के निर्देश दिए.

### 27 हजार शमन शुल्क राशि वसूल की

शाजापुर, 22 जून. कलेक्टर सुश्री बाफना के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर क्षेत्र में स्कूली वाहन, यात्री वाहन एवं अन्य वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही की गई. जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी आदि चेक किए गए. नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही में एक वाहन को जप्त किया गया. इस दौरान कार्यवाही में नियम विरुद्ध संचालित वाहनों से 27000 रुपए शमन शुल्क राशि वसूल की गई.

## बावड़ी उत्सव-स्वच्छता अभियान का आयोजन

**शाजापुर, 22 जून. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मोहन बड़ोदिया जिला शाजापुर के सेक्टर चौमा अंतर्गत गत दिवस ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मोहना के सहयोग से सर्वजनहित समाज एवं नवांकुर संस्था अस्मिता सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा ग्राम मोहना में बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम के अंतर्गत बावड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण, जल स्रोतों के संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया. उपस्थितजनों ने बावड़ी की साफ-सफाई कर जल स्रोतों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया. इस अवसर पर सरपंच महादेव, समिति अध्यक्ष महेश, रमेश चंद्र, दीपक, सोनू, लक्ष्मी नारायण, मोहन सिंह, रमेश तथा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष कृपाल सिंह राजपूत सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे.

## शुजालपुर में प्री-मानसून की बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**शुजालपुर, 22 जून. शहर में एक बार फिर प्री-मानसून की बारिश ने दस्तक दी, जिससे लोगों को राहत मिली. एक दिवस छोड़कर हुई इस प्री-मानसून की बारिश से मौसम सुहाना हो गया तो वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई. जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है.**

सोमवार को सुबह से दोपहर 2 बजे तक धूप और उमस का वातावरण रहा, जिसमें लोगों को पसीने छुड़ा दिए. दोपहर 2 बजे बाद आसमान में बादलों की उपस्थिति हुई और तेज हवा और बादलों की गर्जना के साथ लगभग आधे घंटे तक तेज व धीमा पानी बरसता रहा. क्षेत्र में प्री-मानसून की गतिविधि के चलते लगभग 3 इंच बारिश हो चुकी है. हालांकि मानसून ने अभी दस्तक नहीं दी है. किसानों ने भी अपने खेतों को बुआई के लिए तैयार कर लिया है. यदि एक-दो इंच पानी और बरस जाता है तो क्षेत्र में बुआई का कार्य शुरू हो जाएगा.

## उर्वरक विक्रेताओं की बैठक आयोजित



**शाजापुर, 22 जून. उपसंचालक कृषि आरएल जामरे द्वारा विकासखंड कालापीपल में आज उर्वरक विक्रेताओं की बैठक लेकर ई विकास प्रणाली से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए एवं उर्वरक वितरण में आ रही समस्याओ का निराकरण किया. साथ ही कृषि विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई.**

समीक्षा के दौरान उन्होंने एनएमईओ योजनान्तर्गत सोयाबीन प्रदर्शन की प्रगति, एनएफएसएम योजनान्तर्गत बीज वितरण की प्रगति, आरकेवीवाय योजनान्तर्गत मिट्टी नमूना एकत्रीकरण की लक्ष्य पूर्ति, अधिक उर्वरक उठाव करने वाले कृषकों के भौतिक सत्यापन आदि की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए.

## बारिश में आपदा से निपटने को गठित हुई विशेष रेस्क्यू टीम

**शुजालपुर, 22 जून. वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़, जलभराव, डूबने की घटनाओं एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शुजालपुर में आठ सदस्यीय विशेष आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू टीम का गठन किया गया. प्रशिक्षित जवानों से सुसज्जित यह टीम आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करेगी.**



टीम को शुजालपुर सिटी थाना परिसर में तैनात किया गया है और यह 24 घंटे सक्रिय रहेगी. जिला सेनानी के निर्देशन में गठित इस टीम का नेतृत्व कमांडेंट विक्रम सिंह मालवीय कर रहे हैं. टीम में सेनिक कुमेर सिंह, तेजराज सिंह, चंद्र सिंह, शिवचरण दांगी, अजब सिंह, बाबूलाल, प्रभुलाल एवं गोपाल सिंह शामिल हैं. सभी सदस्य आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू कार्यों का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं. सैनिक तेजराज सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रशासन द्वारा मानसून सीजन को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके. विशेष रूप से नदी-नालों में बढ़ते जलस्तर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा डूबने की घटनाओं में यह टीम राहत एवं बचाव कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी. नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान मूर्ति विसर्जन जैसे आयोजनों में भी टीम सतर्क रहेगी. रेस्क्यू टीम के पास आधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं. इनमें आउटबोर्ड मोटर ओबीएम युक्त नाव, लाइफ जैकेट, लाइफबॉय रिंग, सर्चलाइट सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है. वाहन की स्थायी व्यवस्था भी जल्द की जाएगी, ताकि किसी भी स्थान पर शीघ्र पहुंचकर बचाव कार्य किया जा सके. प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में तत्काल टोल फ्री नंबर 1079 पर सूचना दें. सूचना मिलते ही टीम मौके के लिए रवाना होकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करेगी. कमांडेंट विक्रम सिंह मालवीय ने बताया कि टीम पूरी तरह प्रशिक्षित एवं तैयार है. वर्षा ऋतु में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में टीम तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगी. प्रशासन का उद्देश्य आपदा की स्थिति में जनहानि को न्यूनतम करना तथा समय पर राहत पहुंचाना है.

## आद्य गौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज की बैठक में कई निर्णय

**शुजालपुर, 22 जून. अखिल भारतीय आद्य गौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज शाखा सिंधकंठा केंद्र पोलायकलां की विशेष बैठक चित्रकूट धाम बड़ौद में आयोजित की गई. बैठक में समाज की एकता, संगठन विस्तार एवं केंद्रीय कार्यकारिणी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.**



कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. मनोहर प्रसाद शास्त्री ने की, जबकि पं. जगदीश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष डॉ. घनश्याम दीक्षित, अध्यक्ष जनक प्रसाद जोशी ने स्वागत भाषण दिया तथा जगदीश शर्मा ने आभार व्यक्त किया. सचिव मोहनलाल शर्मा ने प्रस्ताव वाचन किया. लेखन कार्य किशोर शास्त्री एवं दिनेश व्यास ने संपादित किया. बैठक में केंद्रीय चुनाव, निर्विरोध निर्वाचन, नवीन केंद्रीय कार्यकारिणी के गठन में शाखा के सहयोग तथा संगठन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को लागू करने पर विचार-विमर्श किया गया. इस अवसर पर नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री के अभिनंदन का निर्णय लिया गया. उनका सम्मान समारोह 26 जुलाई को श्री जटाशंकर महादेव मंदिर शुजालपुर में आयोजित किया जाएगा. बैठक में शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया. जनक प्रसाद जोशी को अध्यक्ष, निशिकांत व्यास, रमेशचंद्र व्यास, राधेश्याम शर्मा एवं ओमप्रकाश शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. घनश्याम दीक्षित को कोषाध्यक्ष तथा मोहनलाल शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया.

## युवक ने खाया जहर, इंदौर रैफर

**शाजापुर, 22 जून. देवास जिले के रहने वाले एक युवक ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जहरीला पदार्थ खा लिया. वहां मौजूद रेलवे पुलिस ने युवक की तबियत बिगड़ती देखी और पूछा, तो उसने जहर खाने की जानकारी दी.**

घटना सोमवार सुबह करीब 7 बजे की है. युवक रेलवे स्टेशन पर बैठा था. जब रेलवे पुलिस कर्मियों ने उसकी तबीयत खराब देखी. पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने सल्फास की गोली खाई है और वह कर्ज के बोझ से परेशान था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया. युवक की बिगड़ती हालत को देखते हुए रेलवे पुलिस ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी. सूचना मिलते ही एंबुलेंस के पायलट गौतम गुर्जर और ईएमटी गौतम बैरागी मौके पर पहुंचे. उन्होंने प्राथमिक उपचार देते हुए युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए इंदौर रैफर कर दिया. युवक देवास जिले के टोंक खुर्द तहसील के ग्राम जामुड़ी का रहने वाला है, जिसका नाम कांतिलाल पिता हीरालाल है. पुलिस ने उसके परिजनों को भी सूचित कर दिया है.

एक नजर में

### समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## पुल-पुलिया पर जलभराव होने की स्थिति में वाहनों की आवाजाही रोकें

**शाजापुर, 22 जून. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में सोमवार को समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई. कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की शत-प्रतिशत समग्र आईडी बनाने और बच्चों के नामांकन करवाने के निर्देश दिए.**



कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में अभियान चलाकर संलग्न सभी वाहनों के फिटनेस, बीमा, ड्राइवरों के लायसेंस आदि की जांच करने के निर्देश दिए. साथ उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षा के दौरान पुल पुलिया पर जलभराव होने की स्थिति में यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन पुल-पुलियाओं को पार नहीं करें तथा नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर नियमित रूप से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए. कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करने, जिला चिकित्सालय में ईलाज कराने आए मरीजों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं उनका ईलाज कराने सहित अन्य निर्देश दिए. गर्भवती माताओं की समग्र ईकेवायसी कराने, एएनसी रजिस्ट्रेशन करने तथा सोनोग्राफी सेंटर पर सोनोग्राफी प्रारंभ कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों, कृषि, सहकारिता को नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र के उर्वरक केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखने, वर्षाकाल से पूर्व प्राप्त सभी सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए.

### ...तो समग्र आईडी से विलोपित करें नाम

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायतो के सीईओ को निर्देश दिए कि समग्र आईडी का सत्यापन कराएं तथा ऐसे व्यक्ति जो शाजापुर में निवासरत नहीं हैं, समग्र आईडी से विलोपित करने एवं जिन व्यक्तियों की समग्र आईडी नहीं है, उनकी समग्र आईडी बनाने के निर्देश दिए. इसके साथ ही उन्होंने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान करें.

### रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराएं

शाजापुर, 22 जून. कलेक्टर ऋजु बाफना ने जल निगम के अधिकारी को निर्देश दिए कि अवागमन में नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं. कलेक्टर सुश्री बाफना ने सहकारिता विभाग की समीक्षा में धारा-85 के प्रकरणों में प्रगति लाने एवं शाखावार लक्ष्य निर्धारित कर क्रेडिट कार्ड वितरण कराने के निर्देश दिए. पशु पालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी को विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतें का निराकरण करने, सीएसआर, धर्मस्व के कार्य, न्यायालयवार रीडर एवं पीओ लॉगिन पर लंबित प्रकरणों, वृंदावन योजना सहित अन्य कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की.